राजस्थान सरकार
प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर
डब्ल्यू–6 रेजिडेन्सी रोड़ जोधपुर, फोन न. 0291–2430440, 2636572 इे–मेल **bter.jodhpur@ rajasthan.gov.in**

ई–मेल

क्रमांक : एफ–7 / प्राशिम / परीक्षा / 2020 / 1681 दिनांक :– 17 JUN 2020

प्रधानाचार्य,
समस्त राजकीय एवं निजी पॉलिटेक्निक कॉलेज,
(इंजीनियरिग)

विषय :– सत्र 2019–20 (इंजी0) के मुख्य एवं विशिष्ट अवसर प्राप्त छात्रों के परीक्षा फार्मो को पॉच गुना विलम्ब शुल्क के साथ भरवाने के संबंध में ।

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत सभी संस्थानो को सुचित किया जाता है कि सत्र 2019–20 (इंजी0) मुख्य एवं विशिष्ट अवसर प्राप्त छात्रो की तृतीय वर्ष की परीक्षाऐं दिनॉंक 22.07.2020 से आयोजित की जा रही है। यदि कोई छात्र किन्ही कारणो परीक्षा फार्म सामान्य शुल्क से नही भर पाया है तो वह छात्र दिनॉंक 20.06.2020 रात्रि 12 बजे तक पॉच गुना शुल्क के साथ Hte Portal भर सकता है।

सत्र 2019–20 (इंजी0) मुख्य एवं विशिष्ट अवसर प्राप्त परीक्षा से संबंधित संलग्न प्रमाण पत्र एवं विलम्ब शुल्क से भरे गये छात्रो के परीक्षा फार्मो की सूचना संलग्न परिशिष्ठो में दिनांक 24.06.2020 तक ई – मैल करवायें तथा हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट द्वारा भिजवायें।

<u>इसे अतिआवश्यक समझें</u>

संलग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार)

क्रमांक : एफ–7 / प्राशिम / परीक्षा / 2020 / 1682 दिनांक :– 17 JUN 2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर।
2. श्री आर.के. शर्मा,अतिरिक्त निदेशक एवं प्रभारी अधिकारी (ई–मित्र), सूचना प्रोद्योगिकी और संचार विभाग,न्यू आई.टी. भवन, योजना भवन, तिलक मार्ग, जयपुर।
3. एस.ए. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा मंडल, जोधपुर को भेजकर लेख है कि उक्त सेवा को ई–मित्र को उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही करावे तथा HTE पोर्टल एवं मण्डल की वेबसाईट पर अपलोड करावें।

संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार)

**राजस्थान सरकार**
**प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर**
डब्ल्यू–6 रेजिडेन्सी रोड़ जोधपुर, फोन न. 0291–2430440, 2636572 bter.jodhpur@rajasthan.gov.in

क्रमांक : एफ–7 / प्राशिम / परीक्षा / 2019–20 / 1244 दिनांक :– 07 / 03 / 2020

प्रधानाचार्य,
राजकीय पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय,
बारां / धौलपुर / जोधपुर / नीमराणा / खेतान जयपुर।
(ईंजीनियरिंग)

विषय :– सत्र 2019–20 (इंजी0) के निजी पॉलिटेक्निक, महाविद्यालय के परीक्षा फार्म भरवाये जाने के संबंध में।
संदर्भ :– मण्डल के पत्रांक: 1238 दिनॉक 07.03.2020 के क्रम में।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के क्रम में निर्देशानुसार लेख है कि सत्र 2019–20 के निजी महाविद्यालयो के परीक्षा फार्म भरवाने हेतु किसी वरिष्ठ अधिकारी को प्रभारी नियुक्त कर मंडल को उसकी SSO ID एवं मोबाईल नं. तुरंत ईमेल द्वारा सुचित करावें ताकि सम्बंधित संस्थान की HTE PORTAL से मैपिंग की जा सके। प्रभारी अधिकारी द्वारा संलग्न प्रपत्र अनुसार शपथ पत्र, आधार कार्ड, वैद्य पहचान पत्र तथा अन्तिम परीक्षा की अंक तालिका की छाया प्रति प्राप्त कर तथा छात्र की परीक्षा में बैठने की पात्रता जांचते हुए परीक्षा फॉर्म भरने की कार्यवाही सुनिश्चित करावें।

प्रधानाचार्य उक्तानुसार परीक्षा फॉर्म का सत्यापित कर समस्त कार्यवाही पूर्ण कर मंडल को भिजवाएंगें। मंडल नियमानुसार केवल पात्र व़िधार्थियों द्वारा ही परीक्षा फॉर्म भरवाना सुनिश्चित करावे।

सलंग्न :– उपरोक्तानुसार

भवदीय

संयुक्त निदेशक एवं रजिस्ट्रार

# शपथ पत्र

मै.............................................................................पुत्र/पुत्री श्री........................................................................

निवासी........................................................................................................................................................................शपथपूर्वक

घोषित करता हूँ कि :–

1. मै प्राविधिक शिक्षा मण्डल राजस्थान जोधपुर की डिप्लोमा पाठ्यक्रम की परीक्षा का बाह्य विद्यार्थी हूँ। जिसका ब्यौरा निम्नानुसार है :–

   (अ) नामांकन संख्या :– ...............................................................................................................................

   (अ) संस्थान का नाम एवं कोड नं. :–.........................................................................................................

2. मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही लम्बित नही है।
3. मेरे विरूद्ध किसी भी प्रकार का अनुचित साधन संबधी (UFM) मामला दर्ज नही है।
4. ऐसा कोई तथ्य सामने आने पर मेरे परीक्षा फार्म/परीक्षा/परीक्षा परिणाम को निरस्त करने का अधिकार मण्डल को होगा।
5. भविष्य में यदि कोई विवाद होता है तो विधिक रूप से सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी होगी।
6. मै मण्डल द्वारा लियें गये निर्णयों की पालना करूंगा।

दिनांक :–

हस्ताक्षर शपथकर्ता

विद्यार्थी का नाम..........................................
विद्यार्थी के परिचय पत्र क्रमांक................
विद्यार्थी के आधार कार्ड क्रमांक...............

प्रमाणित किया जाता है कि उक्त विद्यार्थी ने शपथ पत्र पर मेरे समक्ष हस्ताक्षर किये।

नोटेरी की मोहर

दिनॉक :–

नोटेरी के हस्ताक्षर

राजस्थान सरकार ई–मैल

**प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान,जोधपुर**

डब्ल्यू–6 रेजीडेन्सी रोड, जोधपुर, फोन नं. 0291–2430440, 2636572 ई मेल bter.jodhpur@rajasthan.gov.in

क्रमांक :– एफ 7/ प्राशिमं/ परीक्षा /2019–20/ दिनांक :

## कार्यालय आदेश

निर्देशानुसार निम्नलिखित निजी पॉलिटेक्निक महाविद्यालयों के बाह्य एवं विशिष्ट अवसर प्राप्त बाह्य विद्यार्थियों को सत्र 2019–20 (इंजी0) की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु यह सूचित किया जाता है कि वे निम्न तालिका में अपने महाविद्यालय के नाम के समक्ष अंकित राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय में उपस्थित होकर परीक्षा फार्म भरें। विद्यार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने महाविद्यालय का परिचय पत्र एवं आधार कार्ड लेकर जाएं ताकि प्राचार्य द्वारा वेरिफाई किया जा सके। **सामान्य शुल्क से परीक्षा फार्म भरे जाने की अन्तिम तिथि 18.03.2020 रखी गयी है।**

| क्र.सं | निजी महाविद्यालय कोड एवं नाम | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय जहां परीक्षा फार्म भरना हैं |
|---|---|---|
| 01 | 026, राजस्थान गर्ल्स पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, समासपुरा, बारां। | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बारां। |
| 02 | 038, राजस्थान इन्स्ट्टीट्यूट ऑफ क्राफ्ट धोलपुर।<br>170, महाराणा इन्स्ट्टीट्यूट डि़प्लोमा ऑफ इंजिनियरिंग बसेडी, धोलपुर।<br>171,महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ टेक्नॉलोजी, धोलपुर। | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, धोलपुर। |
| 03 | 059, मारवाड़ डिप्लोमा कॉलेज ऑफ इंजिनियरिंग एण्ड फार्मेसी जोधपुर । | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जोधपुर। |
| 04 | 172, भिवाडी कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक भिवाडी, अलवर। | राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, नीमराणा |
| 05 | 174, जामवामाता कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक जयपुर। | राजकीय रामचन्द्र खेतान पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, जयपुर। |

सं0/–

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

**क्रमांक :– एफ 7/ प्राशिमं/ परीक्षा /2019–20/** 1238 **दिनांक** 7 MAR 2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

1. निदेशक तकनीकी शिक्षा निदेशालय राज0 जोधपुर।
2. संयुक्त निदेशक, (ई–2) प्राविधिक शिक्षा निदेशालय,जोधपुर को इन संस्थानो के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही हेतु। **(द्वारा ई मेल)**
3. प्रधानाचार्य, राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय, बारा, जोधपुर, धोलपुर, नीमराणा, एवं जयपुर को भेजकर लेख है कि उक्तानुसार संबधित संस्थानो के विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म अपने यहा भरवाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।
4. संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार), प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को इन महाविद्यालयों के परीक्षा फार्म भरवाने के संबंध में कार्यवाही करने हेतु।
5. नोडल अधिकारी, मण्डल वेबसाईट/ प्रोग्रामर को मण्डल की वेबसाईट पर अपलॉड करने हेतु।
6. प्रधानाचार्य, पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,कोड 026, 038, 059 , 170, 171, 172 एवं 174 को भेज कर लेख है कि समस्त छात्रों को उपरोक्तानुसार परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करावें।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**

राजस्थान सरकार

## प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

### विज्ञप्ति

वार्षिक प्रणाली में चैक पॉइन्ट के अन्तर्गत निरस्त नामांकन वाले विशिष्ट अवसर प्राप्त बाह्य विद्यार्थी तथा सत्र 2019–20 (इंजी.) में अध्ययनरत नियमित एवं बाह्य विद्यार्थी HTE पोर्टल पर सामान्य शुल्क के साथ दिनांक 24.02.2020 से 07.03.2020 तक अपना परीक्षा फार्म आवश्यक रूप से भरें। ततपश्चात पांच गुणा विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म दिनांक 08.03.2020 से 16.03.2020 तक भर सकेगें। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने एवं परीक्षा फार्म भरने हेतु विद्यार्थी तुरन्त अपनी संस्थान से सम्पर्क करें तथा मण्डल की वैबसाइट techedu.rajasthan.gov.in के सतत् सम्पर्क में रहें।

रजिस्ट्रार, प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर

अति आवश्यक / ई–मेल

राजस्थान सरकार
प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर
डब्ल्यू–6 रेजिडेन्सी रोड़ जोधपुर, फोन न. 0291–2430440, 2636572, **bter.jodhpur@ rajasthan.gov.in**

क्रमांकः एफ–7 / प्राशिमं / परीक्षा / 2020 / 797 दिनांक 18.02.2020

**प्रधानाचार्य,**
**समस्त राजकीय एवं निजी पॉलिटक्निक कॉलेज,**
**(इंजीनियरिंग)**

विषय :– परीक्षा सत्र 2019–20 (इंजी.) के लिए वार्षिक प्रणाली में चैक पॉइन्ट के अन्तर्गत निरस्त नामांकन वाले विशिष्ट अवसर प्राप्त छात्रों के ऑन लाईन परीक्षा आवेदन फार्म भरवाये जाने के सम्बन्ध में।

संदर्भ :– मण्डल के पत्रांक 514 दिनांक 31.01.2020 .

महोदय

उपरोक्त विषयान्तर्गत एव संदर्भित पत्र के क्रम में लेख है कि वार्षिक प्रणाली सत्र 2010–11, 2011–12, में प्रथम वर्ष के नामांकित तथा वर्ष 2011–12, 2012–13 में पार्श्व प्रवेश में नामांकित छात्र जिन का नामांकन चैक पॉईन्ट के अन्तर्गत निरस्त हुआ है, उनको अपने अनुर्त्तीण विषयो को उर्त्तीण करने के लिये सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा में बाहय छात्र के रूप में अतिरिक्त विशिष्ट अवसर प्रदान किया गया है। **यह विशिष्ट अवसर वार्षिक प्रणाली के उक्तानुसार निरस्त नामांकन वाले उन्ही छात्रों को देय है जो प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष (तीनो वर्षो में) के सेशनल में उत्तीर्ण है, तथा बाहय छात्र के रूप में मण्डल के नियमानुसार सम्मिलित होने के पात्र है। विशिष्ट परीक्षा 2019–20 (इंजी0) के अतिरिक्त ऐसे छात्र मण्डल की किसी भी अन्य परीक्षा में बैठने के योग्य नहीं होंगे।**

उक्तनुसार विशिष्ट अवसर में परीक्षा आवेदन करने वाले छात्रो की सूची आपको प्रेषित की जा रही हैं। छात्रो की सूची Tentative है, परीक्षा फार्म भरने की पात्रता (Eligibility) की जॉच आप अपने स्तर पर करें एवं केवल पात्र विद्यार्थियो को ही परीक्षा फार्म भरने हेतु सूचित करें।

यदि कोई छात्र परीक्षा में बैठने की योग्यता रखता है लेकिन किन्हीं कारणो से विद्यार्थी का नाम प्रेषित सूची में नही भेजा है तो मण्डल को तुरन्त सूचित करें। परीक्षा फार्म Hte Portal पर ऑनलाईन सामान्य शुल्क के साथ 24.02.2020 से 07.03.2020 तक भरवाये जाने है। तत्पश्चात पांच गुणा विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म दिनांक 08.03.2020 से 16.03.2020 तक भरवाये जा सकते है।

ऐसे सभी योग्य छात्रो को दूरभाष / ई–मैल / डाक / व्यक्तिगत रूपसे सूचित करावे। यह सूनिश्चित करें कि कोई भी विद्यार्थी परीक्षा फार्म भरने से वंचित न रह जावें। परीक्षाये दिनांक 17.04.2020 से प्रारम्भ होना प्रस्तावित है।

अपात्र छात्रों से यदि परीक्षा फार्म भरवाया जाता है तो संस्था प्रधान इसके लिये जिम्मेवार होगा। मण्डल द्वारा बिना कोई कारण बताये किसी भी चिद्यार्थी का परीक्षा फार्म निरस्त किया जा सकता है।

भवदीय

संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार)

C:\Users\pc4\Desktop\D Vihani\Special Exam Men.doc

क्रमांकः एफ.7 / प्राशिमं / परीक्षा / 2020 / 798 दिनांक 18.02.2020

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सुचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर।
2. स्टेनो सचिव, प्राविधिक शिक्षा मंडल, राजस्थान, जोधपुर।
3. एस.ए. (संयुक्त निदेशक), प्राविधिक शिक्षा मंडल, राजस्थान, जोधपुर।
4. प्रभारी कम्प्युटर शाखा को भेज कर लेख है कि उक्तानुसार सूची संस्थानो को ई–मैल करावें।

संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार)

C:\Users\pc4\Desktop\D Vihani\Special Exam Men.doc

राजस्थान सरकार

**प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर**

**विज्ञप्ति**

सत्र 2010–11 एवं 2011–2012 में प्रथम वर्ष में नामांकित तथा सत्र 2011–12 एवं 2012–13 में पार्श्व प्रवेशित विद्यार्थी जिनका नामांकन चैक पॉइन्ट के अन्तर्गत निरस्त हो चुका है, ऐसे विद्यार्थियो को मण्डल द्वारा आयोजित सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने का एक **विशिष्ट अवसर** प्रदान किया जाता है। विस्तृत जानकारी प्राप्त करने एवं परीक्षा फार्म भरने हेतु विद्यार्थी तुरन्त अपनी संस्थान से सम्पर्क करें एवं मण्डल की वेबसाईट techedu.rajasthan.gov.in के सतत् सम्पर्क में रहे।

रजिस्ट्रार

**प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर**

रजिस्ट्रार 03/01/20..

Board ... ...ation
Raja... ...ODHPUR.

/

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

राजस्थान सरकार

# प्राविधिक शिक्षा मण्डल राजस्थान

कमांक एफ4(161)प्राशिमं / पाविप्र / 2012 / 514 दिनांक : 31.01.2020

**प्रधानाचार्य,**
समस्त पॉलिटेक्निक महाविद्यालय,
राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, अजमेर, बीकानेर एवं भरतपुर।
द्वारा ई मेल।

**विषयः डिप्लोमा में बोर्ड द्वारा निर्धारित अधिकतम समय से अधिक समय लेने वाले तथा बैक पेपर विद्यार्थियों के लिए विशिष्ट परीक्षा के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।**

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि डिप्लोमा में बोर्ड द्वारा निर्धारित अधिकतम समय से अधिक समय लेने वाले तथा बैक पेपर विद्यार्थियों के लिए **विशिष्ट परीक्षा** के सम्बन्ध में राज्य सरकार से निर्देश हैं।

राज्य सरकार के निर्देशानुसार मण्डल में सत्र 2010–11, सत्र 2011–12 में प्रवेशित तथा सत्र 2012–13 में पार्श्व प्रवेशित वार्षिक प्रणाली के ऐसे विद्यार्थी जिनका नामांकन चेक पाइन्ट 6.4 के अन्तर्गत निरस्त हुआ है, को अपने अनुत्तीर्ण रहे विषयों को उत्तीर्ण करने के लिये सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा में एक अतिरिक्त **विशिष्ट अवसर** प्रदान किया जाता है। इस सम्बन्ध में निम्नलिखित दिशा निर्देश हैं :

1. 2010–11, सत्र 2011–12 में प्रवेशित तथा सत्र 2012–13 में पार्श्व प्रवेशित सत्र 2019–20 की वार्षिक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सभी विद्यार्थियों को अपने अनुर्तीण रहे विषयों को बाह्य छात्र के रूप में उर्तीण करने के लिए **विशिष्ट अवसर** प्रदान किया जायेगा जिन विद्यार्थियों का मण्डल में नामांकन चेक पाईन्ट 6.4 के अन्तर्गत निरस्त हुआ है।
2. विशिष्ट अवसर के उपभोग हेतु विद्यार्थी अपने अनुतीर्ण रहे विषयों की सैद्धान्तिक व प्रायोगिक परीक्षायें मण्डल की सत्र 2019–20 (वार्षिक पद्धति) की परीक्षा में बाहय छात्र के रूप में सम्मिलित होकर दे सकेगें।
3. विद्यार्थियों के द्वारा पूर्व में अर्जित सेशनल अंक यथावत रहेंगे।
5. मण्डल द्वारा बिना कोई कारण बताये किसी भी विद्यार्थी का परीक्षा फार्म निरस्त किया जा सकता है।
6. विद्यार्थी मण्डल द्वारा सत्र सत्र 2019–20 (वार्षिक पद्धति) की आयोजित की जाने वाली उक्त विशिष्ट परीक्षा के अतिरिक्त किसी भी अन्य परीक्षा में बैठने के योग्य नहीं होगा। परन्तु नियमित एवं बैक पेपर के विद्यार्थी मण्डल के नियमानुसार आगे की परीक्षाओं में सम्मिलित हो सकेंगे।
7. यह अतिरिक्त विशिष्ट अवसर 2010–11, सत्र 2011–12 में प्रवेशित तथा सत्र 2012–13 में पार्श्व प्रवेशित विद्यार्थियों को देय है। इससे पूर्व के सत्रों में नामांकित विद्यार्थियों को पूर्व में अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जा चुका है। अतः 2010 से पूर्व में पंजीकृत विद्यार्थियों को यह अतिरिक्त अवसर देय नहीं है।
8. सत्र सत्र 2019–20 (वार्षिक पद्धति) की इस **सम्पूर्ण** विशिष्ट **परीक्षा हेतु** प्रश्न पत्र का प्रारूप निम्नानुसार रहेगा :

   8.1 प्रश्न पत्र अधिकतम 70 अंकों का होगा। पूर्ण प्रश्न पत्र हल करने के लिए कुल 3 घण्टे का समय प्रदान किया जाएगा।
   8.2 प्रश्न पत्र में कुल दो भाग होगें।
   8.3 प्रश्न पत्र का प्रथम भाग 30 अंकों के वस्तुनिष्ठ प्रश्नों का होगा।

8.3.1 इसमें कुल 30 प्रश्न होंगे।

8.3.2 प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का होगा।

8.3.3 प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए चार विकल्प दिये जाएगें उनमें से केवल एक विकल्प सही होगा।

8.3.4 प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक अंक तथा गलत उत्तर के लिए शून्य प्रदान किया जाएगा। (नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी)

8.4 द्वितीय भाग 40 अंकों का परम्परागत वर्णनात्मक प्रश्नों का होगा।

8.4.1 इसमें पूर्व की भांति ही आठ प्रश्न होगें।

8.4.2 परीक्षार्थी को कोई 4 प्रश्न हल करने होगें। प्रत्येक प्रश्न 10 अंकों का होगा।

9. अन्य नियम यथावत रहेंगे।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि आप समस्त विद्यार्थियों की सूचनार्थ अपने जिले के समाचार पत्रों में इस आशय की **विज्ञप्ति** प्रकाशित करावें एवं अपनी संस्था के ऐसे सभी विद्यार्थियों को उनके पते पर **पत्र द्वारा/दूरभाष से/व्यक्तिगत रूप से आवश्यक रूप से सूचित** करावें।

आपको यह भी निर्देशित किया जाता है कि विशिष्ट परीक्षा की सूचना के अभाव में **यदि कोई विद्यार्थी इस अवसर के उपयोग से वंचित रह जाता है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी आप स्वयं की होगी।**

-sd-

**निदेशक एवं अध्यक्ष,**
**प्राविधिक शिक्षा मण्डल,**
**राजस्थान**

क्रमांक एफ 4(161)प्राशिमं/पाविप्र/2012/515–521

दिनांक : 31.01.2020

प्रतिलिपि : निम्न को सूचनार्थ एवं शीघ्र आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1. संयुक्त सचिव, तकनीकी शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, जयपुर (द्वारा ई मेल) ।
2. निदेशक, तकनीकी शिक्षा निदेशालय, राजस्थान, जोधपुर (द्वारा ई मेल) ।
3. संयुक्त निदेशक (रजिस्ट्रार), प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि दी गई टाईम लाईन के अनुसार **विज्ञप्ति** प्रकाशित करवाते हुए आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करें।
4. संयुक्त निदेशक (गोपनीय), प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि दी गई टाईम लाईन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करें।
5. विभागाध्यक्ष (गोपनीय), प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि दी गई टाईम लाईन के अनुसार निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र करें।
6. प्रभारी (कम्प्यूटर शाखा), प्राविधिक शिक्षा मण्डल, राजस्थान, जोधपुर को निर्देशित किया जाता है कि दी गई टाईम लाईन के अनुसार आवश्यक कार्यवाही शीघ्र सुनिश्चित करें।
7. श्री रघुनाथ सिंह चौहान, शैक्षणिक अधिकारी एवं नोडल अधिकारी, प्राशिमं., जोधपुर को मण्डल की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

**संयुक्त निदेशक एवं सचिव**